भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 625
दिनांक 09 दिसम्बर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

पश्चिम बंगाल में जन औषधि केंद्र

625. श्री दिलीप घोष:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) योजना के अंतर्गत जन औषधि केंद्रों की स्थापना के लिए विशिष्टताएं और दिशानिर्देश क्या हैं;
(ख) पश्चिम बंगाल राज्य में किफायती मूल्य पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्थापित जन औषधि केंद्रों की वर्तमान स्थिति क्या है और ऐसे केंद्रों का ग्रामीण पिछड़े क्षेत्रों सहित तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) पश्चिम बंगाल में अब तक पीएमबीजेपी के अंतर्गत स्वीकृत आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और
(घ) इन केद्रों के अंतर्गत उपलब्ध कराई जा रही दवाओं की संख्या का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या सरकार का पश्चिम बंगाल में ऐसे और अधिक केंद्र स्थापित करने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा)

(क) औषध विभाग के तत्वावधान में पंजीकृत सोसायटी अर्थात् भारतीय औषध और चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) द्वारा कार्यान्वित प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति जो स्वयं डी. फार्मा/बी. फार्मा डिग्री धारक हो या कोई भी व्यक्ति/संगठन जिसने संबंधित राज्य सरकार से ड्रग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए डी. फार्मा/बी. फार्मा

डिग्री धारक को नियोजित किया है, प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) खोलने के लिए पात्र हैं। पीएमबीजेके खोलने के लिए आवेदन करने की अपेक्षाएं निम्नानुसार हैं:

i. उचित दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित न्यूनतम 120 वर्ग फुट जगह।
ii. राज्य फार्मेसी परिषद के साथ फार्मासिस्ट का पंजीकरण विवरण।
iii. महिला उद्यमियों, दिव्यांग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की श्रेणी के अंतर्गत आवेदकों को वचन सहित संबंधित अधिकारियों से उपयुक्त प्रमाण पत्र/प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

योजना के अंतर्गत केंद्र मालिकों को प्रदान किए जाने वाले प्रोत्साहन को 2.50 लाख रुपये से बढ़ाकर 5.00 लाख रुपये कर दिया गया है, जो कि मासिक खरीद के 15% की दर से दिया जाता है, जो कि 15,000 रुपये प्रति माह की सीमा के अधीन है। इसके अतिरिक्त, 2.00 लाख रुपये का एकमुश्त अतिरिक्त प्रोत्साहन (आईटी और बुनियादी ढांचा व्यय के लिए प्रतिपूर्ति के रूप में) उत्तर-पूर्वी राज्यों, हिमालयी क्षेत्रों, द्वीप क्षेत्रों और पिछड़े क्षेत्रों में नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिले के रूप में उल्लिखित या महिला उद्यमी, दिव्यांग और एससी और एसटी द्वारा खोले गए पीएमबीजेपी केंद्रों को प्रदान किया जाता है।

(ख) दिनांक 30.11.2022 तक, देश भर में लगभग 8916 पीएमबीजेके खोले गए हैं, जिनमें से 222 केंद्र पश्चिम बंगाल में खोले गए हैं। पश्चिम बंगाल राज्य में खोले गए पीएमबीजेके की जिले-वार सूची अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

(ग) वर्तमान वित्त वर्ष 2022-23 सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान पूरे देश में पीएमबीजेपी के तहत आबंटित और उपयोग की गई निधियों का विवरण इस प्रकार है:-

वित्तीय वर्ष	स्वीकृत निधियां (रु. करोड़ में)	आबंटित निधियां (रु. करोड़ में)	निधियों का उपयोग किया गया (रु. करोड़ में)
2020-21	65.00	65.00	65.00
2021-22	68.50	68.50	68.50
2022-23 (30.11.2022 तक)	72.50	54.37 (30.11.2022 तक)	36.68 (30.11.2022 तक)

योजना के अंतर्गत किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विशिष्ट बजट आबंटन नहीं किया गया।

(घ) पीएमबीजेपी की उत्पाद टोकरी में वर्तमान में 1,759 दवाइयां और 280 सर्जिकल उपकरण शामिल हैं जो देश भर में खोले गए लगभग 8,916 पीएमबीजेके के माध्यम से बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, विभिन्न न्यूट्रास्युटिकल और कुछ आयुष उत्पादों को भी परियोजना की उत्पाद टोकरी में शामिल किया गया है ।

(ङ) सरकार ने मार्च, 2025 तक 10,500 पीएमबीजेके खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। निर्धारित लक्ष्य पीएमबीआई द्वारा प्राप्त किया जाएगा, जिसके लिए ब्लॉक स्तर पर पीएमबीजेके खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। हाल ही में, पीएमबीआई ने पश्चिम बंगाल के 22 जिलों के 263 ब्लॉकों सहित पीएमबीजेके खोलने के लिए देश के 3500 से अधिक ब्लॉकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

अनुलग्नक

पश्चिम बंगाल में जन औषधि केंद्र के संबंध में श्री दिलीप घोष द्वारा पूछे गए दिनांक 09.12.2022 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 625 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

पश्चिम बंगाल में दिनांक 30.11.2022 तक खोले गए पीएमबीजेके की जिले-वार सूची		
क्र.सं.	**जिले का नाम**	**पीएमबीजेके की संख्या**
1	24 परगना उत्तरी	36
2	24 परगना दक्षिणी	12
3	अलीपुरद्वार	5
4	बांकुड़ा	4
5	बीरभूम	2
6	कूचबिहार	10
7	दार्जिलिंग	5
8	दिनाजपुर दक्षिणी	1
9	दिनाजपुर उत्तरी	8
10	हुगली	26
1 1	हावड़ा	13
12	जलपाईगुडी	9
13	झारग्राम	1
14	कलिम्पोंग	1
15	कोलकाता	34
16	मालदा	5
17	मेदिनीपुर पूर्वी	8
18	मेदिनीपुर पश्चिमी	5
19	मुर्शिदाबाद	4
20	नादिया	7
21	पश्चिमी बर्धमान	11
22	पूर्वी बर्धमान	13
23	पुरुलिया	2
	कुल	**222**

*****